न्यायालय उपखण्ड अधिकारी घड़साना जिला श्रीगंगानगर

रोहिताश बनाम राज0 सरकार

प्रकरण सं0 – 2021/ 968 (Comm)

अन्तर्गत धारा– 136 एल.आर.एक्ट

12.11.2021 प्रार्थी रोहिताश पुत्र साधुराम जाति कुम्हार साकिन 8 एमएलजी लालगढ़ तहसील सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने पिता के नाम से जमाबन्दी में दर्ज चक 3 एमजीएम के प0 नं0 75/20 के किला नं0 1 ता 4, 6 ता 25 की 24–00 बीघा कमाण्ड/अ0क0 रकबे की सीएडी सर्वे अनुसार अन्तर राशि जमा करवाकर राजस्व रिकॉर्ड में अमल–दरामद करवाने का निवेदन किया है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया।

तहसीलदार घड़साना से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार मुताबिक जमाबन्दी चक 3 एमजीएम के प0 नं0 75/20 के किला नं0 1 ता 4, 6 ता 25 की 5.882 है0 कमाण्ड/अ0क0 (4.238 क0, 1.644 अ0क0) रकबा चावलीदेवी पत्नी साधुराम हि0 1961/5882, रामकिशन पुत्र साधुराम हि0 980/2941, रोहिताश पुत्र साधुराम हि0 1961/5882 जाति कुम्हार साकिन लालगढ़ गैर खातेदार दर्ज रिकॉर्ड है। मुताबिक रिकॉर्ड उक्त रकबा पर किसी भी न्यायालय का स्थगन/विवाद दर्ज नहीं है। आवंटन आदेश की प्रमाणित चित्रप्रति अनुसार चक 3 एमजीएम के मु0 नं0 75/20 के किला नं0 1 ता 4, 6 ता 25 की 24–00 बीघा रकबा साधुराम पुत्र नन्दराम कुम्हार साकिन लालगढ़ तहसील सादुलशहर को दिनांक 26.06.1976 को रूप्ये 28350/–में आवंटित हुई । सेल रजिस्टर अनुसार समस्त किश्त आवंटन आदेशानुसार जमा है। सीएडी रिपोर्ट कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन खण्ड छतरगढ़ के क्रमांक 4717 दिनांक 28.10.2020 के अनुसार चक 3 एमजीएम के प0 नं0 75/20 की स्वीकृत स्कीम 1987 से लागू है। स्वीकृत स्कीम के अनुसार मु0 नं0 75/20 के किला नं0 1 ता 3, 4/0.25, 6/0.25, 7 ता 25 की 22.50 बीघा कमाण्ड है एवं किला नं0 4/0.75, 6/0.75 की 1.50 अ0क0 है। प्रार्थी सीएडी सर्वे अनुसार अन्तर राशि व बकाया किश्त जमा करवाकर राजस्व रिकॉर्ड में अमल–दरामद करवाना चाहता है। प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र अनुसार किसी न्यायालय का कोई स्थगन आदेश नहीं है। 6–ए व वनविभाग से प्रभावित नहीं है।

प्रार्थी के प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार से प्राप्त रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। जिसमें प्रार्थी द्वारा अपनी कृषि भूमि की सीएडी सर्वे अनुसार अन्तर राशि जमा करवाकर जमाबन्दी में सीएडी अनुसार दर्ज करवाने का निवेदन किया गया है। तहसीलदार घड़साना से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार उक्त भूमि प्रार्थी के नाम गैर खातेदार दर्ज रिकॉर्ड है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र अनुसार उक्त भूमि प्रार्थी के कब्जा काश्त में है उक्त भूमि पर कोई स्थगन/विवाद नहीं है। प्रार्थी की भूमि सीएडी में अ0क0 से कमाण्ड हो चुकी है। अतः यदि किसी न्यायालय में स्थगन/विवाद ना हो तो नियमानुसार जांचकर प्रार्थी से सीएडी सर्वे अनुसार नियमानुसार अन्तर राशि जमा करवाकर सीएडी सर्वे अनुसार जमाबन्दी में अमल दरामद करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार घड़साना को पालना के लिए पत्र जारी हो। पत्रावली बाद तरतीब होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(अभिलाषा)
उपखण्ड अधिकारी
घड़साना